नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

**(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)**

***(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)***

---

## हिंदी विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह सोमवार को

### मा. राज्यपाल श्रीमती मृदुला सिन्हा होंगी मुख्य अतिथि

वर्धा, दि. 15 अक्टूबर 2018 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा का तीसरा दीक्षांत समारोह सोमवार, 15 अक्टूबर 2018 को पूर्वाह्न 11 बजे सम्पन्न होने जा रहा है। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में गोवा की राज्यपाल माननीय श्रीमती मृदुला सिन्हा उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलाधिपति माननीय प्रो. कमलेश दत्त त्रिपाठी करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में वर्धा के सांसद माननीय श्री रामदास तडस उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का दीक्षांत उपदेश कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र देंगे। दीक्षांत समारोह में विभिन्न स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के 985, एम.फिल के 977 एवं पी.एच.डी. के 201 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएगी।

दीक्षांत समारोह प्रारंभ होने से पहले राज्यपाल महोदया द्वारा विश्वविद्यालय के गांधी हिल महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पण कार्यक्रम होगा। इसके बाद मुख्य पंडाल के पास 'हिंदी विश्वविद्यालय : प्रगति के सोपान' शीर्षक से लगी प्रदर्शनी का उदघाटन किया जाएगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित हिंदी विश्व के दीक्षांत समारोह विशेषांक का विमोचन किया जाएगा। इसके बाद प्रदर्शनी स्थल पर निर्मित तथा निर्माणाधीन भवनों के शिलापट्ट का अनावरण किया जाएगा।

सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रारंभ सायं 6.30 बजे से होगा जिसमें 'रंग संगीत' में दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, नागपुर द्वारा 'युगंधर कृष्ण' नाटक तथा विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। विश्वविद्यालय के मेजर ध्यानचंद प्रांगण में 15 अक्टूबर को अपराह्न 4 से 10 बजे तक 'जेवण उत्सव' का आयोजन किया गया है जिसका उदघाटन वर्धा के जिलाधिकारी श्री शैलेश नवाल के हाथों किया जाएगा। मुक्ताकाश मंच का उदघाटन आकाशवाणी नागपुर के निदेशक हरीश पाराशर 'ऋषु' करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र करेंगे। इस अवसर प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा, आवासीय लेखक आनंद भारती, कार्यकारी कुलसचिव प्रो. के. के. सिंह उपस्थित रहेंगे। जेवन उत्सव में विविध राज्यों के लजीज व्यंजनों के 40 से अधिक स्टॉल्स लगाए जाएंगे।